CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995



# प्रबन्धन / MANAGEMENT

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : **तीन घंटे*** | *अधिकतम अंक : **250*** |
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*आवश्यक सन्दर्भ के लिए प्रसामान्य प्रायिकता बंटन सारणी संलग्न है ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Normal probability distribution table is attached for necessary reference.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) सूचकांकों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

State the chief characteristics of Index Numbers. *10*

(b) सूचना संसाधन प्रबंध से आपका क्या अभिप्राय है ? इसकी विशेषताएँ बताइए ।

What do you mean by Information Resource Management ? State its features. *10*

(c) विश्व स्तरीय विनिर्माण के गुण बताइए जिनका लक्ष्य ग्राहक की माँग को पूर्ण करना है ।

State the attributes of world class manufacturing which are aimed to fulfil the customer demands. *10*

(d) काई-वर्ग (स्क्वायर) परीक्षण की विशेषताएँ बताइए ।

State the characteristics of Chi-Square Test. *10*

(e) एक कम्पनी में मूल्य विश्लेषण आरम्भ करने के लक्षण बताइए ।

State the symptoms when the value analysis is to be initiated in a company. *10*

**Q2.** (a) निम्नलिखित तालिका तीन पालियों में उत्पादन और तीन सप्ताहों में निकले दोषपूर्ण माल की संबंधित संख्या देती है । 5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए कि क्या सप्ताह और पाली स्वतंत्र हैं ।

तालिका :


| पाली | प्रथम सप्ताह | द्वितीय सप्ताह | तृतीय सप्ताह | योग |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 20 | 20 | 20 | 60 |
| द्वितीय | 5 | 10 | 15 | 30 |
| तृतीय | 15 | 20 | 25 | 60 |
| योग | 40 | 50 | 60 | 150 |

The following table gives the production in three shifts and the corresponding number of defective goods that turned out in three weeks. Test at 5% level of significance whether weeks and shifts are independent. *15*

Table :

| Shift | $1^{st}$ week | $2^{nd}$ week | $3^{rd}$ week | Total |
|---|---|---|---|---|
| I | 20 | 20 | 20 | 60 |
| II | 5 | 10 | 15 | 30 |
| III | 15 | 20 | 25 | 60 |
| Total | 40 | 50 | 60 | 150 |

## CRITICAL VALUES OF CHI-SQUARE ($\chi^2$)




| df \ α | 0.100 | 0.050 | 0.025 | 0.010 | 0.005 | 0.001 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2.71 | 3.84 | 5.02 | 6.63 | 7.88 | 10.8 |
| 2 | 4.61 | 5.99 | 7.38 | 9.21 | 10.6 | 13.8 |
| 3 | 6.25 | 7.81 | 9.35 | 11.3 | 12.8 | 16.3 |
| 4 | 7.78 | 9.49 | 11.1 | 13.3 | 14.9 | 18.5 |
| 5 | 9.24 | 11.1 | 12.8 | 15.1 | 16.7 | 20.5 |
| 6 | 10.6 | 12.6 | 14.4 | 16.8 | 18.5 | 22.5 |
| 7 | 12.0 | 14.1 | 16.0 | 18.5 | 20.3 | 24.3 |
| 8 | 13.4 | 15.5 | 17.5 | 20.1 | 22.0 | 26.1 |
| 9 | 14.7 | 16.9 | 19.0 | 21.7 | 23.6 | 27.9 |
| 10 | 16.0 | 18.3 | 20.5 | 23.2 | 25.2 | 29.6 |
| 11 | 17.3 | 19.7 | 21.9 | 24.7 | 26.8 | 31.3 |
| 12 | 18.5 | 21.0 | 23.3 | 26.2 | 28.3 | 32.9 |
| 13 | 19.8 | 22.4 | 24.7 | 27.7 | 29.8 | 34.5 |
| 14 | 21.1 | 23.7 | 26.1 | 29.1 | 31.3 | 36.1 |
| 15 | 22.3 | 25.0 | 27.5 | 30.6 | 32.8 | 37.7 |
| 16 | 23.5 | 26.3 | 28.8 | 32.0 | 34.3 | 39.3 |
| 17 | 24.8 | 27.6 | 30.2 | 33.4 | 35.7 | 40.8 |
| 18 | 26.0 | 28.9 | 31.5 | 34.8 | 37.2 | 42.3 |
| 19 | 27.2 | 30.1 | 32.9 | 36.2 | 38.6 | 43.8 |
| 20 | 28.4 | 31.4 | 34.2 | 37.6 | 40.0 | 45.3 |
| 21 | 29.6 | 32.7 | 35.5 | 38.9 | 41.4 | 46.8 |
| 22 | 30.8 | 33.9 | 36.8 | 40.3 | 42.8 | 48.3 |
| 23 | 32.0 | 35.2 | 38.1 | 41.6 | 44.2 | 49.7 |
| 24 | 33.2 | 36.4 | 39.4 | 43.0 | 45.6 | 51.2 |
| 25 | 34.4 | 37.7 | 40.6 | 44.3 | 46.9 | 52.6 |
| 26 | 35.6 | 38.9 | 41.9 | 45.6 | 48.3 | 54.1 |
| 27 | 36.7 | 40.1 | 43.2 | 47.0 | 49.6 | 55.5 |
| 28 | 37.9 | 41.3 | 44.5 | 48.3 | 51.0 | 56.9 |
| 29 | 39.1 | 42.6 | 45.7 | 49.6 | 52.3 | 58.3 |
| 30 | 40.3 | 43.8 | 47.0 | 50.9 | 53.7 | 59.7 |
| 35 | 46.1 | 49.8 | 53.2 | 57.3 | 60.3 | 66.6 |
| 40 | 51.8 | 55.8 | 59.3 | 63.7 | 66.8 | 73.4 |
| 45 | 57.5 | 61.7 | 65.4 | 70.0 | 73.2 | 80.1 |
| 50 | 63.2 | 67.5 | 71.4 | 76.2 | 79.5 | 86.7 |
| 55 | 68.8 | 73.3 | 77.4 | 82.3 | 85.7 | 93.2 |
| 60 | 74.4 | 79.1 | 83.3 | 88.4 | 92.0 | 99.6 |
| 65 | 80.0 | 84.8 | 89.2 | 94.4 | 98.1 | 106.0 |
| 70 | 85.5 | 90.5 | 95.0 | 100.4 | 104.0 | 112.3 |
| 75 | 91.1 | 96.2 | 100.8 | 106.4 | 110.3 | 118.6 |
| 80 | 96.6 | 101.9 | 106.6 | 112.3 | 116.3 | 124.8 |
| 85 | 102.1 | 107.5 | 112.4 | 118.2 | 122.3 | 131.0 |
| 90 | 107.6 | 113.1 | 118.1 | 124.1 | 128.3 | 137.2 |
| 95 | 113.0 | 118.8 | 123.9 | 130.0 | 134.2 | 143.3 |
| 100 | 118.5 | 124.3 | 129.6 | 135.8 | 140.2 | 149.4 |

(b) 10 बैग यूरिया का एक यादृच्छिक नमूना निम्न भार (किलोग्राम) के अनुसार है :

40, 45, 49, 50, 55, 44, 52, 48, 50, 45

5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए कि क्या औसतन पैकिंग भार 50 किलोग्राम लिया जा सकता है ।

A random sample of 10 bags of urea are found to have the following weights (kg) :

40, 45, 49, 50, 55, 44, 52, 48, 50, 45

Test at 5% level of significance whether the average packing weight can be taken as 50 kg. *15*

t-DISTRIBUTION

Values of $t_{\alpha, n}$

| n \ α | 0.05 | 0.025 | 0.01 | 0.005 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6.314 | 12.706 | 31.821 | 63.657 |
| 2 | 2.920 | 4.303 | 6.965 | 9.925 |
| 3 | 2.353 | 3.182 | 4.541 | 5.841 |
| 4 | 2.132 | 2.776 | 3.747 | 4.604 |
| 5 | 2.015 | 2.571 | 3.365 | 4.032 |
| 6 | 1.943 | 2.447 | 3.143 | 3.707 |
| 7 | 1.895 | 2.365 | 2.998 | 3.499 |
| 8 | 1.860 | 2.306 | 2.896 | 3.355 |
| 9 | 1.833 | 2.262 | 2.821 | 3.250 |
| 10 | 1.812 | 2.228 | 2.764 | 3.169 |
| 11 | 1.796 | 2.201 | 2.718 | 3.106 |
| 12 | 1.782 | 2.179 | 2.681 | 3.055 |
| 13 | 1.771 | 2.160 | 2.650 | 3.012 |
| 14 | 1.761 | 2.145 | 2.624 | 2.977 |
| 15 | 1.753 | 2.131 | 2.602 | 2.947 |
| 16 | 1.746 | 2.120 | 2.583 | 2.921 |
| 17 | 1.740 | 2.110 | 2.567 | 2.898 |
| 18 | 1.734 | 2.101 | 2.552 | 2.878 |
| 19 | 1.729 | 2.093 | 2.539 | 2.861 |
| 20 | 1.725 | 2.086 | 2.528 | 2.845 |
| 21 | 1.721 | 2.080 | 2.518 | 2.831 |
| 22 | 1.717 | 2.074 | 2.508 | 2.819 |
| 23 | 1.714 | 2.069 | 2.500 | 2.807 |
| 24 | 1.711 | 2.064 | 2.492 | 2.797 |
| 25 | 1.708 | 2.060 | 2.485 | 2.787 |
| 26 | 1.706 | 2.056 | 2.479 | 2.779 |
| 27 | 1.703 | 2.052 | 2.473 | 2.771 |
| 28 | 1.701 | 2.048 | 2.467 | 2.763 |
| 29 | 1.699 | 2.045 | 2.462 | 2.756 |
| 30 | 1.697 | 2.042 | 2.457 | 2.750 |
| 40 | 1.684 | 2.021 | 2.423 | 2.704 |
| 60 | 1.671 | 2.000 | 2.390 | 2.660 |
| 120 | 1.658 | 1.980 | 2.358 | 2.617 |
| ∞ | 1.645 | 1.960 | 2.326 | 2.576 |

(c) एक फर्म तीन उत्पादों अ, ब एवं स का उत्पादन करती है, जो कि तीन विभागों : मिलिंग, लेथ एवं ग्राइंडर से होकर गुज़रते हैं ।

उत्पाद अ की प्रत्येक इकाई को क्रमश: 8, 4 एवं 2 घंटों की तीन विभागों में आवश्यकता है ।

उत्पाद ब की प्रत्येक इकाई को क्रमश: 2, 3 एवं 0 घंटों की तीन विभागों में आवश्यकता है ।

उत्पाद स की प्रत्येक इकाई को क्रमश: 3, 0 एवं 1 घंटों की तीन विभागों में आवश्यकता है ।

मशीनों पर उपलब्ध क्षमता, जो कि आउटपुट को सीमित करती है, निम्नवत् है ।

तालिका : उत्पादन हेतु मशीन की क्षमता

| मशीन का प्रकार | उपलब्ध समय (मशीन घंटे प्रति सप्ताह) |
|---|---|
| मिलिंग मशीन | 250 |
| लेथ मशीन | 150 |
| ग्राइंडर मशीन | 50 |

उत्पाद अ, ब एवं स के लिए प्रति इकाई लाभ क्रमश: ₹ 20, ₹ 6 तथा ₹ 8 होगा ।

(i) प्रश्न को एल.पी.पी. में सूत्रबद्ध (सुविन्यस्त) कीजिए ।

(ii) अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, फर्म को प्रत्येक उत्पाद का कितना उत्पादन करना चाहिए ?

A firm produces three products A, B and C which pass through three departments : Milling, Lathe and Grinder.
Each unit of Product A requires 8, 4 and 2 hours respectively in the three departments.
Each unit of Product B requires 2, 3 and 0 hours respectively in the three departments.
Each unit of Product C requires 3, 0 and 1 hours respectively in the three departments.
The available capacity on the machines which might limit output is given below.

Table : Capacity of the Machines for Production

| Machine Type | Available time (in machine hours per week) |
|---|---|
| Milling Machine | 250 |
| Lathe Machine | 150 |
| Grinder Machine | 50 |

The unit profit would be : ₹ 20, ₹ 6 and ₹ 8 for products A, B and C respectively.

(i) Formulate the problem in LPP.

(ii) How much of each product should the firm produce in order to maximize profit ? *8+12=20*

**Q3.** (a) अपशिष्ट (वेस्ट) प्रबन्धन के विभिन्न स्वरूप बताइए ।
State the different forms of waste management. *15*

(b) संयंत्र स्थान को प्रभावित करने वाले विभिन्न घटक बताइए ।
State the various factors affecting plant location. *15*

(c) एक ऑटोमोबाइल कम्पनी अपनी अतिरिक्त क्षमता का उपयोग ब्रेक्स निर्माण में कर सकती है, जो कि अभी कम्पनी ₹ 500 प्रति में क्रय कर रही है । यदि कम्पनी ब्रेक्स बनाती है, तो उस पर सामग्री लागत ₹ 100 प्रति इकाई, मज़दूरी लागत ₹ 130 प्रति इकाई एवं परिवर्तनीय उपरिव्यय लागत ₹ 30 प्रति इकाई आती है ।
वार्षिक स्थाई लागत जो अप्रयुक्त क्षमता से सम्बन्धित है ₹ 2,50,000 है । आगामी वर्ष की ब्रेक्स की अनुमानित माँग 5000 इकाई है ।

(i) क्या ब्रेक्स का निर्माण करना कम्पनी के लिए लाभप्रद होगा ?

(ii) मान लीजिए क्षमता अन्य विभाग द्वारा कृषि उपकरणों के उत्पादन पर प्रयोग होगी जो कि स्थायी एवं परिवर्तनीय लागत को कवर (सम्मिलित) कर लेगी तथा ₹ 1,00,000 लाभ में योगदान करेगी । ब्रेक्स के निर्माण अथवा कृषि उपकरणों के निर्माण में कौन-सा निर्माण अधिक लाभदायक होगा ?

An automobile company has additional capacity that can be used to manufacture brakes that the company is presently buying for ₹ 500 each. If the company makes the brakes, it will incur materials cost of ₹ 100 per unit, labour cost of ₹ 130 per unit and variable overhead cost of ₹ 30 per unit.

The annual fixed cost associated with the unused capacity is ₹ 2,50,000. Demand over the next year is estimated to be 5000 units of brakes.

(i) Would it be profitable for the company to manufacture the brakes ?

(ii) Suppose the capacity could be used by another department for production of some agricultural equipment that would cover its fixed and variable cost and contribute ₹ 1,00,000 to profit. Which would be more advantageous, brakes production or agricultural equipment production ? *12+8=20*

Q4. (a) (i) ई-गवर्नेन्स को परिभाषित कीजिए ।

(ii) ई-गवर्नेन्स के लाभ बताइए ।

(iii) ई-गवर्नेन्स पहलों (इनिशिएटिव्स) के बारे में बताइए ।

(i) Define e-Governance.

(ii) State the advantages of e-Governance.

(iii) State the e-Governance initiatives. *5+5+5=15*

(b) (i) डी.एस.एस. को परिभाषित कीजिए ।

(ii) डी.एस.एस. की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

(iii) डी.एस.एस. के अवयव बताइए ।

(i) Define DSS.

(ii) State the main characteristics of DSS.

(iii) State the components of DSS. *5+5+5=15*

(c) (i) ई.आर.पी. को परिभाषित कीजिए ।

(ii) विभिन्न प्रकार की सूचना प्रणालियों की चर्चा कीजिए ।

(iii) विशेषज्ञ प्रणाली को परिभाषित कीजिए तथा उसकी सामान्य विशेषताएँ बताइए ।

(i) Define ERP.

(ii) Discuss the various types of Information Systems.

(iii) Define Expert System. State its common characteristics. *6+7+7=20*

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** (a) सार्वजनिक उपक्रमों (पी.एस.यू.) के निजीकरण का भारत के आर्थिक विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Examine the impact of privatisation of PSUs on the economic development of India. *10*

(b) "एक देश सही अर्थों में उन्नति करता है, यदि संतुलित क्षेत्रीय विकास हो ।" इस कथन पर टिप्पणी कीजिए तथा इस सन्दर्भ में भारत सरकार की वर्तमान नीतियों का परीक्षण कीजिए ।

"A country can truly progress, if there is balanced regional development." Comment on the statement and examine the present Government of India's policies in this regard. *10*

(c) अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय परिचालन एवं आपूर्ति शृंखला प्रबन्धन पर प्रौद्योगिक उन्नति जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं ब्लॉक-चेन के प्रभावों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए कम्पनी इन प्रौद्योगिकियों का लाभ कैसे उठा सकती है ?

Critically analyse the impact of technological advancements such as Artificial Intelligence and Block-Chain on International Business Operations and Supply Chain Management. How can companies leverage these technologies to gain a competitive advantage ? *10*

(d) वैश्विक व्यवसाय परिचालन को सुगम बनाने में अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों (आई.एम.एफ. एवं विश्व बैंक) की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इनकी प्रभावशीलता का आकलन कीजिए ।

Analyse the role of international financial institutions (IMF and World Bank) in facilitating global business operations. Assess their effectiveness in promoting economic development. *10*

(e) "बिना रणनीति के, कार्यान्वयन लक्ष्यहीन होता है । बिना कार्यान्वयन के, रणनीति निष्फल होती है ।" इस कथन पर टिप्पणी कीजिए एवं रणनीति के कार्यान्वयन में आने वाली कमियों को दूर करने के उपायों पर चर्चा कीजिए ।

"Without a strategy, execution is aimless. Without execution, strategy is useless." Comment on the statement and discuss the ways to overcome the pitfalls in strategy implementation. *10*

**Q6.** (a) (i) “निदेशक मण्डल की भूमिका संचालित करने की है न कि प्रबन्ध करने की ।” इस कथन पर टिप्पणी कीजिए एवं उदाहरण देकर निगमित शासन (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) के तत्त्वों को उजागर कीजिए ।

(ii) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.), खाद्य सुरक्षा की गारन्टी देने में तथा गरीबी उन्मूलन में किस प्रकार योगदान करती है ? सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लक्ष्यों की भी चर्चा कीजिए ।

(i) “The role of Board of Directors is to govern and not to manage.” Comment on the statement and bring out the elements of Corporate Governance by citing examples. 5

(ii) How does the Public Distribution System (PDS) contribute to guaranteeing food security and eradicating poverty ? Also, discuss the goals of PDS. 10

(b) (i) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायित्व खंडों (क्लॉज़ों) का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । खराब वस्तुओं की बिक्री के लिए निर्माता एवं विक्रेता को ज़िम्मेदार ठहराने वाले विधिक ढाँचे तथा उपभोक्ता को उपलब्ध उपायों की चर्चा कीजिए ।

(ii) नयी औद्योगिक नीति के उन खंडों (क्लॉज़ों) का विश्लेषण कीजिए जो कि पर्यावरणीय संरक्षण एवं धारणीय संवृद्धि को सहारा देते हैं । व्यवसाय को पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किए गए कार्यक्रमों पर चर्चा कीजिए ।

(i) Critically examine the liability clauses of the Consumer Protection Act. Discuss the legal framework for holding producers and sellers liable for faulty goods and the remedies available to consumers. 10

(ii) Analyse the New Industrial Policy clauses that support environmental preservation and sustainable growth. Discuss the programmes launched to encourage a business to adopt environment friendly practices. 5

(c) (i) साइबर सुरक्षा के विधिक पहलुओं (एस्पेक्ट्स) का परीक्षण कीजिए । संगठनों द्वारा साइबर सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन के विधिक दायित्वों की चर्चा कीजिए ।

(ii) बृहत्, घरेलू तथा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा आने वाली प्रतियोगिता के आलोक में लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाली भारत सरकार की वर्तमान नीतियों का परीक्षण कीजिए ।

(i) Examine the legal aspects of cyber security. Discuss the legal obligations of organisations in implementing cyber security measures. 10

(ii) Examine the present policies of the Government of India for promoting Small-Scale Industries in the light of upcoming competition from large, domestic and multinational companies. 10

**Q7.** (a) (i) कम्पनियाँ किस प्रकार वातावरण को स्कैन करती हैं और उद्देश्यों का पुनर्निर्धारण करने और रणनीति बनाने में उसका विश्लेषण कैसे करती हैं ? समझाइए ।

(ii) किन विचारों के तहत इस उद्देश्य के लिए स्वयं का नया उद्यम प्रारम्भ करने की तुलना में किसी नए बाज़ार या नए उद्योग में विलय एवं अधिग्रहण के मार्ग से प्रवेश करना बेहतर हो सकता है ?

(i) How do companies scan the environment and analyse the same to reset the objectives and formulate strategies ? Explain. *5*

(ii) Under what considerations might it be preferable to enter into a new market or a new industry through Mergers and Acquisitions (M&A) route over starting a new venture of its own for the purpose ? *10*

(b) (i) "मूल दक्षताएँ, सतत प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की ओर अग्रसरित करती हैं ।" उचित उदाहरणों सहित टिप्पणी कीजिए ।

(ii) "मूल्य-शृंखला विश्लेषण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को सृजित करने में सहायता करता है ।" क्या आप सहमत हैं ? न्यायोचित ठहराइए तथा मूल्य-शृंखला में लिंकेज के विश्लेषण के महत्त्व पर चर्चा कीजिए ।

(i) "Core competencies lead to sustainable competitive advantage." Comment and give suitable examples. *5*

(ii) "Value-Chain Analysis helps in creating competitive advantage." Do you agree ? Justify and discuss the importance of analysing linkages in value-chain. *10*

(c) (i) किस प्रकार निम्न अवधारणाएँ रणनीतिक प्रबन्धन को समझने में सहायता करती हैं ? उचित उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए ।

(A) रणनीति उद्देश्य (इंटेंट)

(B) खिंचाव (स्ट्रेच) की अवधारणा

(C) लाभ उठाने (लीवरेज) की अवधारणा

(D) उपयुक्त (फिट) की अवधारणा

(ii) "कम लागत नेतृत्व का परिणाम मूल्य युद्ध (प्राइस वार) हो सकता है ।" टिप्पणी कीजिए तथा उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए कि एक कम्पनी को किस प्रकार एक विशेष (उपयुक्त) सामान्य रणनीति को चुनना चाहिए ।

(i) Discuss the manner in which the following concepts aid the understanding of Strategic Management. Give suitable examples. 10

(A) Strategic Intent
(B) Concept of Stretch
(C) Concept of Leverage
(D) Concept of Fit

(ii) "Low cost leadership may result in price war situations." Comment and discuss with suitable examples as to how a company should opt for a particular generic strategy. 10

**Q8.** (a) (i) "भारत के प्रतिकूल व्यापार संतुलन (बैलेंस ऑफ ट्रेड) में क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग एक अहम् भूमिका निभा सकता है ।" टिप्पणी कीजिए ।

(ii) एफ.टी.ए. के परिप्रेक्ष्य में विवाद समाधान तंत्र की भूमिका का परीक्षण कीजिए । यह तंत्र किस प्रकार से टकराव निराकरण कर व्यापार समझौतों को बाध्य करता है ? वर्तमान विवाद समाधान ढाँचे में कौन-सी सम्भावित चुनौतियाँ एवं सम्भावित सुधार हैं ?

(i) "Regional Economic Cooperation can play an important role in India's unfavourable Balance of Trade." Comment. 5

(ii) Examine the role of dispute settlement mechanisms in FTAs. How do these mechanisms resolve conflicts and enforce trade agreements ? What are the possible challenges and possible improvements in the existing dispute settlement frameworks ? 10

(b) (i) किस प्रकार वैश्विक व्यवसाय रणनीति, अन्तर्राष्ट्रीय, बहुराष्ट्रीय एवं पारराष्ट्रीय (ट्रांसनेशनल) से भिन्न है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित विस्तार से बताइए ।

(ii) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को विभिन्न विधिक एवं नैतिक मानकों को अपनाने वाले देशों में परिचालन करने में सामना करने वाली नैतिक चुनौतियों का परीक्षण कीजिए । अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय में नैतिक नेतृत्व एवं निगमित शासन (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) के महत्त्व पर चर्चा कीजिए ।

(i) How is Global business strategy different from International, Multinational and Transnational ? Elaborate with suitable examples. 5

(ii) Examine the ethical challenges faced by multinational corporations in operating in countries with different legal and ethical standards. Discuss the importance of ethical leadership and corporate governance in international business. 10

(c) (i) भारत में विभिन्न वाणिज्य एवं उद्योग मंडलों (चैंबर ऑफ कॉमर्स) की प्रभावशीलता का परीक्षण कीजिए ।

(ii) सीमा-पार विलय एवं अधिग्रहण को प्रबन्धित करने वाली श्रेष्ठ (सर्वोत्तम) प्रथाओं की चर्चा कीजिए । सफल एवं असफल सीमा-पार विलय एवं अधिग्रहणों से क्या सबक मिलते हैं ?

(i) Examine the effectiveness of different Chambers of Commerce and Industry in India. *10*

(ii) Discuss the best practices for managing cross-border mergers and acquisitions. What are the lessons learned from successful and unsuccessful cross-border mergers and acquisitions ? *10*